**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**07.03.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

## मुख्य समाचार

- **केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा–2027 तक 25 हजार जनऔषधि केन्द्र खोलेगी सरकार–एम्स बिलासपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं का किया शुभारम्भ।**
- **प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च से शिमला में होगा शुरू– मुख्यमंत्री 17 मार्च को सदन में आगामी वित्त वर्ष का बजट करेंगे पेश।**
- **मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–शिमला शहर में अंडरग्राउंड यूटिलिटि डक्टस पर खर्च होगी एक सौ 46 करोड़ रूपए से अधिक की राशि।**
- **अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर कल शाहपुर में राज्य स्तरीय समारोह होगा आयोजित।**

## समाचार विस्तार से

### जनऔषधि दिवस

केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज बिलासपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स में पैट स्कैन और अमृत फार्मेसी सहित अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अमृत फार्मेसी केन्द्र पर 50 प्रतिशत से अधिक छूट पर जीवन रक्षक दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि एम्स बिलासपुर को एक विश्व स्तरीय चिकित्सा संस्थान के रूप में विकसित किया जा रहा है। जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि हर नागरिक को सस्ती और उन्नत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना केन्द्र सरकार की प्राथमिकता है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार 2027 तक 25 हजार जनऔषधि केन्द्र खोलेगी जिसमें लोगों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना, अच्छी भी, सस्ती भी मंत्र के साथ सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। जन औषधि दिवस पर उन्होंने कहा कि देश में 15 हजार से अधिक जन औषधि केंद्र, प्रतिदिन दस लाख लोगों की सेवा कर रहे हैं। इन केंद्रों पर उपलब्ध दवाइयाँ पर 50 से 90 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर सिंह अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## बजट सत्र

प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च से 28 मार्च तक शिमला में आयोजित होगा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज शिमला में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए बताया कि सत्र के दौरान कुल 16 बैठकें होंगी।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च को दोपहर बाद 2 बजे राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के अभिभाषण के साथ शुरू होगा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 17 मार्च को वित्त वर्ष 2025–26 का बजट सदन में पेश करेंगे और 26 मार्च को बजट पारित किया जाएगा।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि 28 मार्च तक चलने वाले बजट सत्र के लिए 9 सौ 63 सवाल सदस्यों से मिले हैं जिनमें 7 सौ 37 तारांकित और 2 सौ 26 अतारांकित प्रश्न हैं। उन्होंने कहा कि 22 व 27 मार्च के दिन गैर सरकारी कार्य सदस्य दिवस के लिए निर्धारित किए गए हैं।

कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि सत्र से पहले 9 मार्च को सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है जिसमें पक्ष व विपक्ष के सदस्यों से सदन में सार्थक चर्चा को लेकर बातचीत की जाएगी।

## लोक अदालत

प्रदेश की सभी जिला अदालतों में कल 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव रंजीत सिंह ठाकुर ने बताया है कि लोक अदालत में निपटान के लिए विभिन्न अदालतों द्वारा अभी तक करीब एक लाख 3 हजार 5 सौ मामलों की पहचान की गई है।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि शिमला शहर में अंडरग्राउंड यूटिलिटी डक्ट्स पर एक सौ 46 करोड़ रूपए से अधिक का राशि खर्च की जा रही है। उन्होंने आज शिमला में एक बैठक में छोटा शिमला से विल्लीज़ पार्क व शहर के अन्य क्षेत्रों में अंडरग्राउंड यूटिलिटी डक्ट्स के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस परियोजना को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना शिमला शहर में बुनियादी अधोसंरचना को मजबूत करने में सहायक साबित होगी व इससे स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगी और पर्यटकों की संख्या में भी बढ़ौतरी होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अंडरग्राउंड यूटिलिटी डक्ट्स के निर्माण से सड़क को बार–बार खोदने की आवश्यकता नहीं रहेगी।

## हड़ताल वापिस

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के साथ हिमाचल पथ परिवहन निगम के विभिन्न संगठनों की कल शिमला में हुई चर्चा के बाद संगठनों ने अपनी प्रस्तावित हड़ताल को वापिस ले लिया है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि राज्य पथ परिवहन निगम इस वर्ष अपना स्वर्ण जयंती वर्ष मना रहा है और इसकी बेहतरी के लिए निर्णायक प्रयास किए जा रहें है। उन्होंने कहा कि जल्द ही कर्मचारियों को ओवर टाइम अलाउंस के 10 करोड़ भी जारी किए जाएगे।

## महिला दिवस

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर कल 8 मार्च को कांगड़ा जिला के शाहपुर में राज्य स्तरीय लाभार्थी सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे जबकि सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान महिलाओं के कल्याण के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और संस्थाओं को राज्य स्तरीय महिला विकास प्रोत्साहन प्रदान किए जाएंगे। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं और महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। चम्बा कढ़ाई के जरिए चम्बा रूमाल को नई बुलंदियों तक पहुंचाने वाली जिले की हस्तशिल्पी पदमश्री ललिता वकील हर महिला के लिए प्रेरणास्रोत बनी हैं। जिले के चौंतड़ा मोहल्ला की निवासी ललिता वकील पिछले करीब 50 वर्षों से चम्बा कढ़ाई की कला से जुड़ी हुई हैं। उन्हें पदमश्री, राष्ट्रीय पुरस्कार, शिल्पगुरू और नारी शक्ति पुरस्कार से भी नवाज़ा जा चुका है। ललिता वकील ने बताया कि वे इस कला को बहुत आगे तक ले जाना चाहती हैं और आगे भी उनके ये प्रयास जारी रहेंगे।

## विनाक्षी

वहीं किन्नौर जिले से संबंध रखने वाली मुक्केबाज विनाक्षी ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में स्वर्ण व रजत पदक जीत कर देश व प्रदेश का नाम रोशन किया है। विनाक्षी ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता–पिता और कोच ओपिंदर नेगी को दिया है।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश के 6 जिलों में 10 ग्रामीण सड़क परियोजनाओं के लिए आरआईडीएफ के तहत एक सौ 9 करोड़ 3 लाख रुपये की धनराशि को स्वीकृति प्रदान की गई। शिमला में आज परियोजना आंतरिक स्वीकृति समिति की बैठक में उन्होंने कहा कि यह परियोजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क और परिवहन सुविधाएं प्रदान करने में सहायक साबित होंगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग लाभान्वित होंगे।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- **केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा—2027 तक 25 हजार जनऔषधि केन्द्र खोलेगी सरकार—एम्स बिलासपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं का किया शुभारम्भ।**
- **प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च से शिमला में होगा शुरू— मुख्यमंत्री 17 मार्च को सदन में आगामी वित्त वर्ष का बजट करेंगे पेश।**
- **मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा—शिमला शहर में अंडरग्राउंड यूटिलिटि डक्टस पर खर्च होगी एक सौ 46 करोड़ रूपए से अधिक की राशि।**
- **अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर कल शाहपुर में राज्य स्तरीय समारोह होगा आयोजित।**